| BCM School Basant Avenue Ludhiana<br>Class VIII<br>Subject - Hindi<br>Subject Code(002)<br>MM25 Assignment No-2(Answer Key) | | |
|---|---|---|
| 1) | अपठित काव्याश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>जीवन की राह कठिन हो चाहे,<br>कदम कभी रुकने न देना।<br>आँधी आए, तूफ़ान उठे तो,<br>आशा का दीप बुझने न देना।<br>गिरकर फिर से उठना सीखो,<br>हार को मन पर हावी न होने दो।<br>श्रम की बूंदों से सींचे सपने,<br>उनको व्यर्थ कभी जाने न दो।<br>मंज़िल उनको मिलती जग में,<br>जो संघर्षों से घबराते नहीं।<br>अंधियारे के बाद सवेरा आता,<br>यह विश्वास कभी खोते नहीं।<br>1)'आशा का दीप' से कवि का क्या आशय है?<br>(क) दीपक जलाना<br>(ख) आशा और विश्वास बनाए रखना<br>(ग) अंधकार दूर करना<br>(घ) उत्सव मनाना<br>उत्तर: (ख) आशा और विश्वास बनाए रखना<br>2)कविता के अनुसार सफलता किसे मिलती है?<br>(क) जो भाग्य पर निर्भर रहते हैं<br>(ख) जो कठिनाइयों से डरते हैं<br>वे(ग) जो संघर्ष से घबराते नहीं<br>(घ) जो दूसरों की सहायता लेते हैं<br>उत्तर (ग) जो संघर्ष से घबराते नहीं<br>3)'श्रम की बूंदों से सींचे सपने' में कौन-सा भाव व्यक्त हुआ है?<br>(क) क्रोध<br>(ख) भय<br>(ग) परिश्रम<br>(घ) निराशा<br>उत्तर: (ग) परिश्रम<br>4)गिरकर फिर से उठना' का आशय स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर: इसका आशय है कि असफलता मिलने पर निराश होकर हार नहीं माननी चाहिए, बल्कि अपनी गलतियों से सीखकर दोबारा प्रयास करना चाहिए।<br>5)कविता में सफलता प्राप्त करने के लिए किन दो गुणों को आवश्यक बताया गया है?<br>उत्तर: सफलता के लिए परिश्रम और संघर्षशीलता को आवश्यक बताया गया है। | 7 |
| 2) | कबीर ने मनुष्य की तुलना खजूर के पेड़ से क्यों की है?<br>उत्तर: खजूर का पेड़ बहुत ऊँचा होता है, लेकिन उससे राहगीर को छाया नहीं मिलती और | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | उसके फल भी बहुत दूर होते हैं। इसी प्रकार केवल बड़ा होना उपयोगी नहीं, बल्कि दूसरों के काम आना आवश्यक है। | |
| 3) | 1)रेखांकित शब्दों का विशेषण बताएइ।<br><br><u>सुंदर</u> फूल बगीचे में खिले हैं। उत्तर: सुंदर — गुणवाचक विशेषण<br><br>2) <u>तीन</u> बच्चे खेल रहे हैं। उत्तर: तीन — संख्यावाचक विशेषण<br><br>3)संख्या से विशेषण शब्द बनाये- ज्ञान,मानव (ज्ञानी.मानवीय )<br><br>4)सैनिक देश के <u>रक्षक</u> होते हैं।(ख़ाली स्थान की पूर्ति विशेषण से कीजिए)<br><br>5)वाक्य में कारक और कारक-चिह्न पहचानिए।<br><br>राम ने खाना खाया। उत्तर: कर्ता कारक — ने<br><br>6)सीता को पुरस्कार मिला। उत्तर: संप्रदान कारक — को<br><br>7)विकल्प में से चुनकर कारक का भेद बताइए।<br><br>मैंने भिखारी को वस्त्र दिए।(कर्म,<u>संप्रदान</u> अपादान)<br><br>8)में, पर परसर्ग कारक का कौन सा भेद है।(अधिकरण कारक) | 10 |
| 4 | आपके मोहल्ले में पिछले कई दिनों से सफाई नहीं हुई है ।जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और दुर्गंध के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। इस समस्या की ओर नगर निगम के अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए शिकायती पत्र लिखिए।<br><br>परीक्षा भवन<br><br>————-शहर<br><br>17 अगस्त,2026<br><br>सेवा में,<br><br>नगर निगम अधिकारी,<br><br>अध्यक्ष महोदय<br><br>नगर निगम,<br><br>_______शहर।<br><br>विषय: मोहल्ले में सफाई व्यवस्था की समस्या के संबंध में शिकायत।<br><br>महोदय/महोदया,<br><br>सविनय निवेदन है कि मैं __मोहल्ले का निवासी हूँ। हमारे मोहल्ले में पिछले कई दिनों से नियमित रूप से सफाई नहीं हो रही है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं तथा नालियाँ भी | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| | गंदगी से भरी हुई हैं। इसके कारण दुर्गंध फैल रही है और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।गंदगी के कारण मच्छरों और कीड़ों की संख्या भी बढ़ गई है। इससे बीमारियाँ फैलने की आशंका बनी हुई है। अतः आपसे अनुरोध है कि मोहल्ले में शीघ्र सफाई करवाने तथा नियमित रूप से कूड़ो उठाने की व्यवस्था करने की कृपा करें।आशा है कि आप इस समस्या पर शीघ्र सफाई करवाने तथा नियमित रूप से कूड़ा उठाने की व्यवस्था करने की कृपा करें।<br><br>आशा है कि आप इस समस्या पर शीघ्र उचित कार्रवाई करेंगे।<br><br>धन्यवाद।<br><br>भवदीय | |